एनसीसी कैडेट्स के प्री - स्क्रीनिंग भर्ती चयन प्रक्रिया

दिनांक 06 अगस्त 2024 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के 102 यू पी बटालियन गोरखपुर के एनसीसी कैडेट्स के प्री - स्क्रीनिंग भर्ती चयन प्रक्रिया में दौड़, शारीरिक नाप एवं वजन में 227 विद्यार्थी सम्मलित हुए । एनसीसी अधिकारी डॉ. संदीप कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि एनसीसी नामांकन के प्रथम प्री - स्क्रीनिंग मे 227 विद्यार्थियों ने प्रथम चरण चयन प्रक्रिया को पूरा किया। राष्ट्रीय कैडेट कोर से प्रशिक्षित होकर सेना में कैरियर बनाने के लिए विद्यार्थियों में उत्साह देखने को मिला। विविध संकायों के छात्र / छात्राओं की लंबाई, वजन और दौड़ करवाकर बटालियन स्तर पर चयन हेतु प्री स्क्रीनिंग किया गया। बालक वर्ग के लिए बटालियन द्वारा निर्देशित 800 मीटर और बालिका वर्ग के लिए 400 मीटर की दौड़ विश्वविद्यालय प्रशासन के देख रेख में करवाया गया।

डॉ संदीप कुमार श्रीवास्तव ने कहा एनसीसी भारत सरकार का रक्षा संगठन है, जिसका उद्देश्य युवाओं को देश सेवा और नेतृत्व कौशल के प्रति प्रेरित करना है। प्री - स्क्रीनिंग में एनसीसी बटालियन के निर्देशों का पालन करते हुए सुव्यवस्थित तरीके से उम्मीदवारों के शारीरिक नाप ,वजन और दौड़ का मूल्यांकन किया गया। एनसीसी युवाओं को जीवन में अनुशासन, नेतृत्व और राष्ट्रभक्ति की भावना विकसित करने में मदद करता है। एनसीसी में कैडेट्स को विभिन्न प्रकार की चुनौतियों और अवसरों का सामना करने का अवसर मिलता है, जो उन्हें भविष्य में सफल और जिम्मेदार नागरिक बनाने में सहायक होता है।

चयनित उम्मीदवारों के दस्तावेजों की जांच के बाद बटालियन स्तर पर लिखित परीक्षा में सामान्य ज्ञान, सामयिकी और एनसीसी एवं रक्षा क्षेत्र से संबंधित प्रश्न पूछे जायेंगे हैं । शारीरिक फिटनेस और लिखित परीक्षा में सफल होने वाले उम्मीदवारों को साक्षात्कार में मानसिकता, नेतृत्व कौशल, और एनसीसी के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का मूल्यांकन होगा। एनसीसी में चयनित होने के बाद, कैडेट्स को सैन्य ड्रिल, शारीरिक प्रशिक्षण, हथियार प्रशिक्षण, मैप रीडिंग, फील्ड क्राफ्ट, और सामरिक अभ्यास कुशल उस्तादो द्वारा कराया जाता हैं।

प्री - स्क्रीनिंग में बापू पी.जी कॉलेज सहायक आचार्य डॉ करुणेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि एनसीसी का अनुभव न केवल व्यक्तिगत विकास के लिए महत्वपूर्ण होता है, बल्कि यह विभिन्न करियर अवसरों के द्वार भी खोलता है। एनसीसी 'सी' प्रमाण पत्र धारक कैडेट्स को भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना में भर्ती के दौरान विशेष प्राथमिकता दी जाती है। इसके अलावा

विभिन्न सरकारी और निजी क्षेत्रों में भी एनसीसी कैडेट्स को उनकी नेतृत्व कौशल के आधार पर रोजगार का अवसर मिलता है। शारीरिक नाप में प्रमुख रूप से विश्वविद्यालय के सुरक्षा अधिकारी श्री राम यादव ने अपने टीम के साथ सहयोग किया। प्री - स्क्रीनिंग में प्रमुख रूप से सीनियर अंडर आफिसर सागर जायसवाल, अंडर आफिसर मोती लाल, अंशिका सिंह, खुशी गुप्ता, अभिषेक चौरसिया, अमित कुमार चौधरी, आशुतोष मणि त्रिपाठी, हरश्व साहनी, कृष्णा त्रिपाठी, सागर यादव, अमृता कनौजिया, दरख्शा बानो, पूजा सिंह, प्रीति शर्मा, श्रद्धा उपाध्याय, शालिनी चौहान, आदर्श मौर्य सहित सभी कैडेट्स उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय कैडेट कोर
NATIONAL CADET CORPS
102 UP BATTALION NCC
GORAKHPUR